**विभाषागुणेऽस्त्रियाम्**

कारण या हेतु प्रकट करनेवाले गुणवाचक अस्त्रीलिङ्ग शब्द तृतीया या पञ्चमी में रखे जाते हैं,

यथा-

जाड्येन जाड्यात् वा बद्धः (वह अपनी मूर्खता के कारण पकड़ा गया )।

गुण वाचक न होने पर तृतीया होती है-धनेन कुलम् ।

स्त्रीलिङ्ग में भी तृतीया ही होती है यथा-स बुध्या मुक्तः (वह अपनी बुद्धि के कारण छोड़ दिया गया)।

**अन्यारादितरर्ते दिकशब्दाञ्चूत्तरपदाजाहियुक्ते**

अन्य, इतर, आरात् , ऋते तथा दिग्वाचक प्रत्यक्, उदीच् , प्रभृति शब्दों तथा दक्षिणा, उत्तरा आदि शब्दों तथा दक्षिणाहि, उत्तराहि प्रभृति शब्दों के योग में पञ्चमी होती है,

यथा-

हरेः अन्यः, भिन्नः इतरः वा।

आराद् वनात् । ज्ञानात् ऋते न सुखम् । नगरात् प्राक् प्रत्यग्वा। भाद्रपदात् पूर्वः श्रावणः।

दक्षिणा नगरात् । दक्षिणाहि नगरात् ।

प्रभृति तथा इसके अर्थ में प्रयुक्त होनेवाले 'आरभ्य' आदि शब्दों के योग में भी पञ्चमी होती है,

यथा-शैशवात् प्रभृति पोषितां प्रियाम् (बचपन से ही पाली पोसी हुई)।

भवात् प्रभृति आरभ्य वा सेव्यो हरिः ।

अद्य प्रभृति तवास्मि दास:।

इसी प्रकार 'बहिः' के योग में भी पञ्चमी होती है-नगराद् बहिः।(नगर के बाहर)

ऊर्ध्वम्, परम्, अनन्तरम् के योग में भी पञ्चमी होती है,

यथा - अस्मात् परम् अनन्तरं वा।

मुहूर्तादूर्ध्वं तिष्ठ ।

पाणिपीडनविधेरनन्तरम् ।

**प्रथग्विनानानाभिस्तृतीयान्यतरस्याम्**

पृथक , विना और नाना के साथ पंचमी, तृतीया और द्वितीया तीनों होती हैं,

यथा- श्रमात् , श्रमं, श्रमेण वा विना विद्या न भवति (परिश्रम के बिना विद्या नहीं आती।)

सः भ्रातुः, भ्रातरं, भ्रात्रा वा पृथक् निवसति ।

**दूरान्तिकार्थेभ्यो द्वितीया च**

दूर और अन्तिक (निकटवाची) शब्दों में द्वितीया, तृतीया, पञ्चमी और सप्तमी होती है,

यथा--नगरात् नगरस्य वा दूरं दूरेण दूरात् दूरे वा।

वनस्य वनाद् वा अन्तिकम् , अन्तिकेन, अन्तिकात् अन्तिके वा

ग्रामस्य निकटं, निकटेन, निकटात् , निकटे वा ।